Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13-05-2022 | अंक 224

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com








## जिला परिषद पूर्वी भाग 06 के प्रत्याशी मुनेजा खातून के द्वारा उनके कार्यकाल में धरातल पर उतारे गए विकास कार्य एवं अनुशंसित विकास योजनाओं की सूचि एवं भावी कार्ययोजना की संकल्प पत्रः-




**जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून के कार्यकाल में जिला परिषद फण्ड से एवम जीप सदस्य के द्वारा अनुसंशित विकास कार्यो की सूचिः**

1 बरही पूर्वी भाग के डपोक, मलकोको, रानीचुवाँ, करियातपुर, धनवार, बरसोत एवं विजैया में पंचायत भवन का निर्माण
2. बरही पूर्वी भाग में जिला परिषद के फण्ड से प्रत्येक ग्राम मे आंगनवाड़ी भवन का निर्माण
3. करीयातपूर से धनवार तक कालीकरण रोड का निर्माण
4. मलकोको गांव में कालीकरण सड़क निर्माण
5. बरियठ्ठा गांव में कालीकरण सडक निर्माण एवं ओरपरता से डपोक तक कालीकरण रोड का निर्माण
6. चलंगा रोड का मरम्मतीकरण
7. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सड़क मरम्मती करण
8. विजैया मे पावर सब स्टेशन का निर्माण
9. विजैया में पीसीसी रोड का निर्माण
10. गुडियों उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की रिपेयरिंग
11. करियतापूर +2 हाईस्कूल एवं विजैया +2 हाईस्कूल का उत्क्रमण
12. करीयतापूर में नाली निर्माण
13. मोरमगढा से रानीचुवां तक कालीकरण सडक निर्माण
14. बरसोत से जीतुपर तक कालीकरण सडक निर्माण

**जीप सदस्या मुनेजा खातून के अनुशंसा से स्वीकृत हुए योजनाओं की सूचि**

1. करियातपुर में मल्टीपरपस भवन, मैरिज हॉल का निर्माण की स्वीकृति
2. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सडक चौडीकरण कार्य की स्वीकृति
3. विजैया से ओरपरता तक सडक निर्माण की स्वीकृति
4. बेहरवाटांड से गरजामू के बीच पुलिया निर्माण की स्वीकृति
5. पिपराटांड से डपोक तक सडक निर्माण की स्वीकृति

**भावी कार्ययोजना ( संकल्प पत्र)**

1. विजैया को प्रखंड के दर्जा दिलाना,
2. विजैया में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ओपी की स्थापना कराना
3. नल जल योजना से सभी पंचायत को जोड़ना और जल मीनार का निर्माण कर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कराना।
4. सोलर संचालित योजना को मूर्त रूप देकर किसानों के खेत तक सिंचाई की व्यवस्था करना।
5. प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान का निर्माण हेतू प्रयास करना।
6. महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर उनहे स्व रोजगार से जोडना। जो स्वरोजगार से जुडे है उनहे और आगे प्रोत्साहित करना।
7. बराकर नदी के किनारे बसे गांवों को लिफ्ट इरिगेशन से जोडकर सिंचाई की व्यवस्था करना।

निवेदक



मो क्यूम अंसारी
समाजसेवी
बरही पूर्वी भाग संख्या 06

हमारा काम बोलगा, जनता के बीच हमारी पहचान बोलेगा


# बरही के 263 बूथों पर 97106 मतदाता कल करेंगे मतदान, बनाएंगे गांव की सरकार

## बनाए गए हैं 16 क्लस्टर, पेयजल एवं शौचालय की गई है व्यवस्था

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह तैयार है। लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान को लेकर 263 बूथ बनाए गए हैं। इनमे 82 बूथ को अति संवे. दनशील एवं 146 को संवेदनशील तथा 35 को सामान्य बूथ के तौर पर चिन्हित किया गया है। इन 263 बूथों में कुल 97106 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 20 पंचायत के मुखिया, 26 पंचायत समिति सदस्य, तीन जिला परिषद सदस्य सहित वार्ड सदस्य का चुनाव करेंगे। 97106 मतदाताओं में 50841 पुरुष मतदाता है जबकि 46265 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए 16 क्लस्टर बनाये गए हैं। जहां क्लस्टर बनाया गया है उनमें मध्य विद्यालय बेन्दगी, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही, उच्च एवं मध्य विद्यालय खोड़ाहर, रामनारायण यादव मेमोरियल क०लेज बरही, उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपूर, परियोजना उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय गोरिया करमा, पंचमाधव पंचायत भवन एवं बुनियादी विद्यालय पंचमाधव, मध्य विद्यालय कोल्हुआकला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंडारों, उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय विजैया, मध्य विद्यालय विजैया, मध्य विद्यालय मलकोको, मध्य विद्यालय बरसोत, मध्य विद्यालय कोरियाडीह, उर्दू प्राथमिक विद्यालय महुगढ़ा शामिल है। सभी क्लस्टर में पेयजल एवं शौचालय की ब्यवस्था की गई है। सभी मतदानक.



र्मियों को क्लस्टर में ठहरने की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक क्लस्टर की देखभाल के लिए एक सरकारी कर्मी को क्लस्टर प्रभारी व एक वरीय अधिकारी को पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त किया गया है।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## खोड़ाहर से मुखिया प्रत्याशी कविता कुमारी ने किया जन संपर्क, ग्रामीणों का मिल रहा आपार समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखण्ड अंतर्गत खोड़ाहर की शिक्षित, कर्मठ एवं जुझारू मुखिया प्रत्याशी के रूप में कविता कुमारी प्रत्याशियों की दौड़ में सबसे आगे नजर आ रही हैं, क्योंकि इनके साथ इनके पति रंजीत चंद्रवंशी का स्वर्णिम अनुभव है। जिनके द्वारा पंचायत के लोगों के सुख दुःख में शामिल रहे है। वहीं दूसरी ओर कविता कुमारी अपने मृदुभाषी स्वभाव एवं शिक्षित महिला होने का भरपूर लाभ पूरे पंचायत वासियों को देने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ नजर आ रही हैं। साफ तौर पर उनका कहना है कि मैं महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ खेल को भी बढ़ावा देने में कोई कसर बाकी नहीं रखूँगी। अपने पंचायत के विकास के लिए चाहे मुझे दिन रात लगना पड़े मैं कहीं पीछे नहीं रहूँगी। अपने सटीक एवं सही निर्णय के बल पर पंचायत के हर व्यक्ति, हर घर और हर गाँव के विकास को अग्रिम पंक्ति तक ले जाऊंगी। वहीं पंचायत में भी कविता कुमारी के द्वारा विकास होने की पूर्ण संभावनाएँ व्यक्त की जा रही हैं, क्योंकि कविता कुमारी न सिर्फ शिक्षित है बल्कि उनके साथ उनके पति रंजीत चंद्रवंशी कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आएंगे। अपने पंचायत में विकास की नई पृष्ठभूमि लिखने के लिए कविता कुमारी ने कमर कस ली है। उनका कहना है कि सरकार के द्वारा दिए जाने वाले हर अधिकार अब आपके द्वार तक पहुँचाने का जिम्मा मैं उठाती हूँ। बस आप सभी मुझे एक मौका देकर पंचायत के विकास में मेरी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु क्रम संख्या 02 के गुब्बारा छाप पर मोहर लगाकर मुझे विजयी बनाएँ।

## मुखिया प्रत्याशी रंजीत कुमार जनसंपर्क अभियान चलाया वोट मांगा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के युवा मुखिया प्रत्याशी रंजीत कुमार ने क्षेत्र का भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया ।इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से क्रमांक संख्या 5 चुनाव चिन्ह दूरबीन छाप पर वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पंचायत के लोग जन समस्याओं से जूझ रहे हैं चुनाव जीतने के पश्चात लोगों की सभी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर उसे दूर किया जाएगा।

## जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने चलाया जन संपर्क ग्रामीणों का मिल आपार समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पश्चिमी भाग 04 के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने शुक्रवार को बरही पश्चिमी क्षेत्र के उज्जैना और कोनरा में जन संपर्क अभियान चलाया। जहां ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वहीं जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने जन संपर्क में शामिल सभी महिला एवं पुरुषों ने बारी बारी से अपनी समस्या को बताया। जहां ग्रामीणों की समस्या सुनकर उन्होंने कहा की सच में आप सभी ग्रामीणों के साथ पिछले पांच सालों में सिर्फ छल किया गया है। विकास के नाम पर सिर्फ लुट किया गया है। साथ ही साथ उन्होंने सभी महिला एवं पुरुषो से अपील किया की वॉलेट पेपर के क्रम संख्या 02 ऑटो रिक्शा छाप पर मुहर लगाकर मुझे विजई बनाए जिससे मैं अपने क्षेत्र का चहुमुखी विकास कर सकू। वहीं मौके पर मौजूद महिला एवं पुरुषो ने समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

## बरही बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न क्लस्टरों का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए कल मतदान किया जायेगा। जिसको लेकर बरही प्रशाशन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी क्रम में बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने शुक्रवार को प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा एवं राजकीय मध्य विद्यालय खोडाहर सहित विभिन्न क्लस्टरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान कर्मियो के लिए ठहरने की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं लाइट की व्यवस्था को देखी। साथ ही साथ उन्होंने मतदान कर्मियो को सख्त निर्देश देते हुए कहा की इस पंचायत चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## डोर टू डोर जन सम्पर्क सह नगर भ्रमण में उमड़ी महिलाओं की भीड़, समर्थन का दिया भरोसा

### बरही पश्चिमी पंचायत का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता : कपिल केशरी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी कपिल प्रसाद केशरी ने डोर टू डोर जनसंपर्क कर नगर भ्रमण किया। बरही डीह नीचे टोला शिव मंदिर से सैकड़ो की संख्या के साथ नगर भ्रमण की शुरुआत हुई। जुलुश के शक्ल में सादगी के साथ बरहीडीह के सभी टोला का भ्रमण करते हुए अफीम कोठी पहुंचे । अफीम कोठी के बाद मल्लाहटोली, न्यू रेलवे क०लोनी, गया रोड, तेली टोला होते हुए उत्सव वाटिका पहुंची। जहां एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस सभा मे सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए। सभी ने कपिल केशरी को जिताने का संकल्प लिया। मौके पर कपिल केशरी ने कहा कि हम समाज सेवा के उद्देश्य से इस पंचायत चुनाव में आए हैं। जब भी उनकी जरूरत पड़े । बेहिचक उन्हें याद करें। हर समय उनकी सेवा में तैयार रहेंगे। कहा कि बरही पश्चिमी पंचायत उपेक्षित रहा है। लेकिन अब नही रहेगा। आपके आशीर्वाद से हम जीतेंगे और विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी पहले मतदान फिर जलपान करें। दो नंबर पर बेबी वाकर छाप पर मुहर लगाकर उन्हें आशीर्वाद दें। मौके पर काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।



डोर टू डोर नगर भ्रमण करते कपिल केशरी

## धनवार पंचायत के मुखिया प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद को ग्रामीणों का मिल रहा आपार समर्थन

### पंचायत का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता : राजेंद्र प्रसाद




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

फिर एक बार गांव के ग्रामीणों को गांव की सरकार चुनने का मौका मिला है, ऐसे में ग्रामीण मतदाता इसकी तैयारी में जुट गए हैं। सुबह होते ही गांव के चौक–चौराहे तथा नुक्कड़ पर ग्रामीण एकत्रित हो पंचायत के विकास को लेकर चिंतन–मंथन करने लगे हैं। देखा जाए तो गांव में सबसे ज्यादा मुखिया पद की दावेदारी को लेकर प्रत्याशी जनता के बीच पहुंच रहे हैं। ग्रामीण मतदाताओं का मानना है कि जो ग्रामीणों को हक व अधिकार दिलाने, सरक. ारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ साथ सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य पर कार्य करने पर अपनी जिम्मेदारी दिखाए, वैसे को आगे लाना होगा। ग्रामीण मतदाताओं से उनकी राय जाने तो ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व मुखिया सह धनवार से मुखिया उम्मीदवार राजेंद्र प्रसाद के कार्य से संतुष्ट दिखे। इस बार पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद द्वारा किए गए जनसंपर्क अभियान में काफी भीड़ व उनके प्रति लोगों का रुझान देखने को मिल रहा है। जन. संपर्क अभियान में यह पाया गया है कि पंचायत चुनाव में मत डालने को लेकर काफी उत्साह है। इस बार उन्होंने अपने क्षेत्र के लोकप्रिय नेता को भारी मतों से विजयी बनाने का मन बना लिया है। ग्रामीणों ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद उनके हर सुख और दुख में उनके साथ खड़े रहे हैं। विकास कार्य को लेकर उनके पास कई योजनाएं है। ग्रामीणों ने एक स्वर में उन्हें सहयोग करने की बात कही।

### घरेक चुनाव

दादा बनते सरपंच,भौजी बनते मुखिया!
काकी बनते जिला परिषद ,काका लागइ नोसिखिया !!

जाइत जाइत में गांव बटाइले ,बिकास के मुद्दा मटिया!
अब चुनाव वहे जीतते, जेकर होते महुआ के भठिया !!

आदमी घूरे दिने, आर पइसा घूरे रतिया!
गरीब आदमिक ई चुनावें, खड़ा हो जीते खटिया!!

कोय बोले हम पेंशन देला. इबो, कोय बोले साडिया!
हम केते भोट देलों मकीन आजो फाटल हे हमर धोतिया!!

नोट बाटल जा रहल है जइसे काली मईया कर प्रसादिया !
लोकतंत्र में खाली संपइत के खेला हे, बाकी छुछे बतिया!!


गरीबी ,बेगारी के बात नाय , घरें घरें पुछल जा हे जतिया!
एगो भोट पर एगो मुरगा, आर पेट्रोल भरल फटफटिया

बिकास छोइड के जाइत धरम पर,चुनाव के नियातिया !गोतिया गोतिया में झगड़ा करवा देले चुनाव ई पंचाइतिया !!



मनोज कुमार राणा









# जिला परिषद सदस्य के प्रत्याशी नजिया खातून ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है, प्रत्याशियों के प्रचार और जनसंपर्क अभियान भी तेज होने लगा है। गावां दक्षिणी भाग 01 से जिला परिषद सदस्य के प्रत्याशी नजिया खातून ने शुक्रवार को जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने निमाडीह, जमाडार, मालडा, नगवां, खरसान, गदर, पिहरा आदि पंचायत का दौरा किये। नजिया खातून ने अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ मतदाताओं के घरों तक पहुंच कर उनसे मिल रही है और दुआएं ले रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके पति मो0 इमरान अंसारी ने 2015 में चुनाव लड़े और जनता ने भारी मतों से उन्हें जीत दिलाई थी और जीतने के बाद उन्होंने पूरे क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ विकास के कार्य किये है। इस बार महिला सीट आरक्षित होने के कारण वे चुनाव लड़ रही है। कहा कि क्षेत्र में पारदर्शिता के साथ विकास और मतदाताओं के मान सम्मान, स्वाभिमान के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। बताया कि इस दौरान लोंगो का स्नेह और सहयोग उन्हें मिल रहा है इसलिए जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। जो भी विकास कार्य पिछले कार्यकाल में छूटा है उसे इस बार जितने के बाद पूरा करेंगे। मौके पर मालती देवी, सानिया प्रवीण, रेणु देवी, चम्पा देवी, जैनब खातून, खुशबू देवी, सोनी देवी आदि दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर
















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर


















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर
















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## डॉ राखी प्राकृतिक चिकित्सा सम्मान से सम्मानित

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय के योग विभाग के छात्र-छात्राओं ने दी बधाई

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



हजारीबाग :- कहते हैं कि यदि कुछ करने की जज्बा हो तो पहाड़ पर रहकर भी बुलंदियों को हासिल किया जा सकता है,ऐसा ही कर दिखाई है हजारीबाग के विनोबा भावे के योग विभाग के 2020-21 के छात्रा और हजारीबाग की जाने माने प्राकृतिक चि. कत्सक राखी सिन्हा जी ।. जन्हें राँची के आर्यभट्ट सभागर में आयुष मंत्रालय के सहयोग से आई एन ओ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय से. मिनार में झारखंड के महामहिम राज्यपाल श्री रमेश बैस के सानिध्य में झारखंड के स्वास्थ मंत्री श्री बन्ना गुप्ता के कर कमलों द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा के झेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रसस्ति प्रमाण पत्र से डॉ राखी सिन्हा को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में V B U हजारीबाग के माननीय कुलपति महोदय श्री मुकुल नारायण देव और योग निदेशक श्री ए . एन .भंडारी भी उपस्थित थे ।इधर डॅक्टर राखी सिन्हा को प्रश. स्ति पत्र मिलने पर योग वी विभाग के शिक्षक और सत्र 2020-21 के छात्र छात्राओं ने बधाई दिए हैं ।बधाई देने वालो में योग शिक्षक ज्ञानोदय कुमार,अभिषेक सिंह, तारकेश्वर सोनी,प्रामोद कुमार सिंह,उत्तम प्रजापत्ति,राजेश कुमार दास,राहुल कुमार,कैलाश दाँगी सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है।

## चुनाव जीतकर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करूंगा : अरविंद

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



अरविंद कुमार बर्मा

बड़कागांव : मध्य पंचायत के युवा सामाजिक कार्यकर्ता मुखिया प्रत्याशी अरविंद कुमार वर्मा ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है । उन्होंने पंचायत अंतर्गत गली मोहल्लों में घूम घूम कर मतदाताओं से अपने चुनाव चिन्ह क्रमांक संख्या एक सेब छाप पर मतदान कर कर विजय बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पंचायत की जनता मुझे पंचायत की सेवा करने का एक बार मौका दें निश्चित ही आपके पंचायत को भ्रष्टाचार मुक्त एवं आदर्श पंचायत बनाऊंगा। पंचायत में व्याप्त मूलभूत जन समस्याओं को दूर करूंगा

APEM LIVE

## पहली बार मतदान करने वाली युवतियों में उत्साह

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**



शिवानी कुमारी



प्रिया गुप्ता



सुमन शर्मा

जैसा कि झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की पहली चरण प्रतापपुर प्रखंड में मतदान होने वाला है और इस बार गाँव की सरकार चुनने में युवतियों का अहम योगदान रहेगा। क्योंकि बहुत सारे नए मतदाता होंगे जो पहली बार अपना मतदान करेंगी। इसी में प्रिया गुप्ता, शिवानी कुमारी व सुमन शर्मा पहली बार मतदान करेंगीं। प्रिया गुप्ता को कहना है कि हम वैसे लोगो को गाँव का सरकार चुनेगें जो अपने पंचायत को चहमुखी विकास कर सकें। शिवानी कुमारी को कहना है कि मैं पहली बार मतदान करूँगी और मैं गाँव का मुखिया उसे चुनेगें जो हम युवतियों को रोजगार से जोड़ सके। वहीँ सुमन शर्मा को कहना है कि मैं भी पहली बार मतदान करूँगी और हम वैसे व्यक्ति को चुनेगें जो हम नारी को सम्मान करें जो दहेज प्रथा पर रोका लगा सकें। ये मतदाता अपना पहला वोट डालने के लिए उत्सा. हित नज़र आ रहे हैं।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु प्रथम चरण की तैयारी पूरी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने प्रेस विज्ञ. प्ति जारी कर प्रथम चरण की तैयारी की जानकारी मीडिया को दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी पंचायत सह उपायुक्त गिरिडीह के नेतृत्व में गिरिडीह जिला में स्वच्छ निष्पक्ष एवं स्वतंत्र त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022हेतु प्रथम चरण की तैयारी पूरी कर ली गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022शांतिपूर्ण चुनाव हेतु जिला प्रशासन गिरिडीह पूरी तरह सजग है। प्रथम चरण में गिरिडीह गांडेय और जमुआ में निर्वाचन होना है। जिसमे गिरिडीह प्रखंड में कुल वार्ड सदस्य की संख्या 385है पंचायत समिति सदस्यों की संखया 39है मुखिया पद की संख्या 30है और जिला परिषद सदस्य की संख्या 04है। जमुआ प्रखंड में वार्ड सदस्य पदो की संख्या 544, पंचायत समिति सदस्यों की संख्या 54, मुखिया पद की संख्या 42और ज़िला परिषद सदस्य की संख्या 06है और गांडेय प्रखंड में कुल वार्ड सदस्यों की संख्या352, पंचायत समिति सदस्यों की संख्या 35, मुखिया पद की संख्या 26और जिला परिषद सदस्यों की संख्या 04है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022में बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव होना है जिसमें वार्ड सदस्य का बैलेट पेपर का रंग सफेद, पंचायत समिति सदस्य का हल्का हरा, मुखिया का हल्का गुलाबी और जिला परिषद सदस्य का हल्का पीला है। प्रथम चरण में कुल 1281मतदान केंद्र हैं जिसमे 185सामान्य, 386संवेदनशील और 710अतिसंवेदनशील हैं। प्रथम चरण के अन्तर्गत मतदाताओं की कुल संख्या 444459है। जमुआ प्रखंड में 192245है जिसमे 101495पुरुष और 90750महिला है। गिरिडीह में कुल 129967है जिसमे 68582पुरुष और 61380महिला है। गांडेय में कुल 122247है जिसमे 64309पुरुष और 57934महिला है।







सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पिहरा पूर्वी पंचायत में चुनावी कार्यालय का किया गया उद्घाटन

## अधूरे कार्यों को पूरा करना हमारा लक्ष्य है : ऐसा प्रवीन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत में शुक्रवार को मुखिया प्रत्याशी ऐसा प्रवीन के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन इलाके के इमाम कारी अब्दुल अजीज साहब ने फीता काट कर किया। इस दौरान मुखिया प्रत्याशी ऐसा प्रवीन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल में उनके पति मो0 सबदर अली ने पूरे पंचायत में आपसी भाईचारा और सौ. हार्दपूर्ण तरीके से पंचायत का चहुमुखी विकास करने का काम किया है। अथक प्रयास के बावजूद भी पंचायत में कुछ काम अधूरे रह गए है जिसको पूरा करना हमारी पहली प्राथमिकता है। यदि इस बार फिर से जनता मुझे मौका देती है तो सभी अध. ूरे कार्यों को पूरा करने का काम करूंगी। मौके पर पूर्व मुखिया मो0 सबदर अली, हाफिज गुलाम सरवर, मो0 छोटू, हाफिज निशार, मौलाना मेराज मज़ाहरी, मोफिज आलम, मा0 आलिम अंसारी, अब्दुल रज्जाक, साहब उद्दीन, मो0 अय्यूब, मो0 इफ्तिखार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बगोदर में भीषण सड़क दुर्घटना, 2 की मौत, 5 गम्भीर

**अपेम लाइव : बगोदर / गिरिडीह**



बारात से वापस लौटने के क्रम में हुआ हादसा, मृतकों में एक आर्मी का जवान शामिल अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा कर पलट गई, कार में सवार सभी लोग बरकट्ठा के मसीपीढ़ी के निवासी गिरिडीह : जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में शुक्रवार अहले सुबह एक कार के दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा बगोदर-सरिया रोड के ढिबरा के समीप घटित हुई है। बताया जा रहा है कि कार में सवार सभी लोग अटका से राजधनवार के खोरीमहुआ बारात गए थे। वापसी के क्रम में यह हादसा हुई। ढिबरा के समीप कार अनियंत्रित होकर रोड किनारे स्थित पेड़ से जा टकराई और पलट गयी। इस हादसे में जान गंवाने वाले दो लोगों में एक पुलिस सुरक्षा बल (आर्मी) का जवान अरुण कुमार और दूसरा छोटी कुमार शामिल हैं। दोनो मसीपीढ़ी बरकट्ठा के रहने वाले है। वहीं घटना में घायल लोगों में राजेश कुमार, निर्मल कुमार, सुजीत कुमार, राम प्रवेश कुमार शामिल है। सभी बरकट्ठा के मसीपीढ़ी के रहने वाले है। घटना की सूचना मिलते ही बगोदर थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और, घायलों को इलाज के लिए बगोदर सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना से अवगत करा दिया है। और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## मतदान केंद्र पर मतदानकरने के लिए साथ में वोटर आईडी कार्ड साथ रखें

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



झारखण्ड राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 का प्रथम चरण 14मई 2022शनिवार को होगी। गिरिडीह जिला में तीन प्रखंड गिरिडीह, जमुआ और गांडेय में प्रथम चरण में मतदान होगी। मतदान केंद्र पर वोटिंग करने जाते समय वोटर आईडी कार्ड साथ में लेकर जाएं। जिन मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पहचान पत्र (एपिक) उपल्ब्ध कराए गए हैं उनकी पहचान एपिक के माध्यम से की जाएगी परंतु यदि किसी मतदाता के पास फोटो पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो उसकी पहचान चुनाव आयोग द्वारा निर्धारीत बारह वैकल्पिक दस्तावेजों की माध्यम से की जा सकती हैरू1भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया मतदाता पहचान पत्र (एपिक) 2-पासपोर्ट, 3-ड्राइविंग ला. इसेंस, 4-राज्य/केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रम स्थानीय निकाय या पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त पहचान पत्र, 6-बैंक/डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, 7-आयकर पहचान पत्र (पेनकार्ड), 8-आधार कार्ड, 9-राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनप. ीआर), 10-महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गा. रंटी योजना अन्तर्गत जारी फोटो युक्त ज०ब कार्ड, 11-फोटो युक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट कार्ड) और 12-फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज। मतदान किसी के बहकावे में आकर या दबाव में आकर ना करें। आपका मत आपका अधिकार।। मतदान करना आपका मौ. लिक अधिकार है खुद मतदान करें और अपने आस पास के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरुक करे। पहले मतदान करें फिर जलपान करें। अगर आप के मतदान केंद्र पर जाकर आपको अपने पक्ष में मतदान करने का दबाव बनाता है तो तुरन्त अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन (थाना) को सुचना दे। किसी भी प्रत्याशी के बहकावे में आकर अपने मत को बेचें नही। आपका एक मत से कोई गलत उम्मीदवार जीत जाता है तो पांच साल तक वह आपको लूटने का काम करेगा। अपना मतदान खुद करें ताकि एक साफ सुथरा छवि वाला प्रत्याशी विजय होकर आपके गांव और पंचायत का चहुंमुखी विकास कर सके।

## चुनाव चिन्ह मिलने के बाद सर गर्मी और तेज

### जमुआ ,गिरिडीह और गांडेय में शनिवार को डाले जाएंगे वोट

**अपेम लाइव : बगोदर / गिरिडीह**




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कि तीसरे चरण वोट को लेकर चुनाव चिन्ह प्रत्याशी को मिल चुका है चुनाव चिन्ह मिलने के बाद और सरगर्मी तेज हो चुकी है बता दें कि प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव चिन्ह लेकर जनता के पास जाकर उसे समझाने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव गांव की सरकार बनाने की उम्मीद प्रत्याशियों को जनता पार्टी की है इसलिए प्रत्याशी कोई भी हो अपना चुनाव चिन्ह जनता के पास बैनर पोस्टर लग दिखाकर वोट मारने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि जनता से ही उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार हमें वोट देकर विजय बनाएं ताकि हम अपने क्षेत्र में बढ़िया से विकास कर सकें अपने प्रत्याशियों ने पूरे चौक चौराहे पर अपना चुनाव चिन्ह का बैनर पोस्टर फोर्ड कार प्रत्याशियों को जागरूक कर रहे हैं वही प्रत्याशियों ने अपने निजी वाहन से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। चुनाव आयोग चुनाव से पहले इसके लागू होने की घोषणा करता है और चुनाव के बाद इसके समाप्त होने की। आचार संहिता यह सरकार, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों तथा जनता को दिये गये निर्देश हैं, जिसका पालन चुनाव के दौरान किया जाना जरुरी है।चुनाव आचार संहिता चुनाव की तिथि की घोषणा से लागू होता है और यह मतदान के परिणाम आने पर समाप्त हो जाता है। चुनाव आचार संहिता संविधान में वर्णित नही किया गया है,अपितु यह एक क्रमशः प्रक्रिया का परिणाम है।इसका प्रवर्तन एक चुनाव आयुक्त एन. शेषण द्वारा किया गया है।चुनाव आचार संहिता के अंतर्गत अनेक बातें शामिल है-1.सरकार के द्वारा लोक लुभावन घोषणाएँ नही करना। 2.चुनाव के दौरान सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग न करना। 3. राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के द्वारा जाति, धर्म व क्षेत्र से संबंधित मुद्दे न उठाना। 4.चुनाव केदौरान धन-बल और बाहु-बल का प्रयोग न करना।

## पंचायत चुनाव को संपन्न कराने के लिए सामग्री के साथ मतदान कर्मी बूथ पर हुए रवाना

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में होने वाले मतदान को लेकर शुक्रवार को कर्मीयों को गिरिडीह कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।चुनाव से संबंधित सामग्रियों को सुपूर्द कर इन्हें विभिन्न प्रखंड के मतदान केंद्रो में भेजा गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी अमित रेनू, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विशाल दीप खलको, एनडीसी सुदेश कुमार,जन सूचना संपर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा समेत कई आला अधिकारी उपस्थित थे। पदाधिकारियों की देखरेख में डिस्पैच सेंटर से बैलट पेपर बक्सा समेत अन्य सामग्रियों के साथ मतदान कर्मियों को रवाना किया। मालूम हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में चक 14 मई को गिरिडीह, गांडेय व जमुआ में पंचायत चुनाव होना है। गिरिडीह क०लेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर में सर्वप्रथम मतदान दल के सभी कर्मी अपने प्रखंड से संबंधित पंडाल में पहुंचे। इस दौरान जानकारी दिया गया कि कार्मिक कोषांग हेतु निर्धारित स्थल पर योगदान कर नियुक्ति पत्र प्राप्त करने को कहा गया। जिसके बाद उस मतदान केंद्र का नाम एवं संख्या उसमें अंकित था। साथ ही बताया गया कि आप की नियुक्ति जो हुई है वह उस नियुक्ति पत्र में लिखा गया है। जिसके बाद पंडाल के अंदर मतदान केंद्र हेतु आवंटित स्थान पर अपने पोलिंग पार्टी के सभी कर्मी एक साथ जमा होकर सं. बंधित मतदान केंद्र हेतु सभी सामग्रियां सामग्री कोषांग से प्राप्त कर अपने अपने मतदान केंद्रों की ओर रवाना हुए। इसके पूर्व मतदान सूची प्रभेदक चिन्ह का मिलान समेत चार प्रकार के पदों के निर्वाचन हेतु चार प्रकार के मतपत्रों का व्यवहार उनके भिन्न-भिन्न रंग आदि के बारे में मतदान कर्मियों को जानकारी दी गई। इस बाबत डीसी ने जानकारी देते हुए कहा कि देते हुए कहा कि पंचायत चुनाव के पहले चरण में 3 प्रखंडों में होने वाले चुनाव को लेकर आज डिस्पैच सेन्टर से मतदान कर्मियों को बैलट ब०क्स व अन्य सामान के साथ रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि जितने भी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके मतदान कर्मी हैं वह अपने नियम का पालन करते हुए अनुशासन से अपने कर्तव्यों का पालन करें। साथ ही शांति व्यवस्था के साथ शांति माहौल में चुनाव को संपन्न कराएं। एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में होने वाले तीन प्रखंडों में चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। मजिस्ट्रेट, स्टे. टिक्स, सेक्टर जोनल समेत भारी मात्रा में मतदान स्थलों पर जवानों की तैनाती की जाएगी। साथ ही हम लोगों के द्वारा भी विभिन्न मतदान स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा। पंचायत चुनाव शांति माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार अलर्ट है।

## जिला परिषद प्रत्याशी यशोदा देवी ने दाता बाबा में चादर पोशी कर, जनसंपर्क अभियान शुरू किया

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



चादर पोशी में शामिल जसोदा देवी, गोविंद महतो एवं अन्य

बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद प्रत्याशी यशोदा देवी (पति खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गोविंद महतो) ने थाना रोड स्थित दाता बाबा मजार पर चादर पोशी कर क्षेत्र में अमन चौन शांति की दुआ मांगी । चादर पोशी तत्पश्चात जसोदा ने बड़कागांव थाना रोड के समीप कई लोगों से मुलाकात कर जनसंपर्क अभियान कार्य का शुभारंभ किया । इस दौरान उन्होंने क्रम संख्या 4 चुनाव चिन्ह बैटरी ट०र्च छाप पर वोट देकर विजय बनाने की अपील मतदाताओं से की है। उन्होंने कहा की क्षेत्र के युवाओं को कंपनी में रोजगार से जोड़ने का काम जारी रहेगा । अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना मेरा लक्ष्य है विशेषकर बिजली, पानी, वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन, शौचालय व महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान रहेगा। चादर पोशी मौके पर चट्टी के सदर मोहम्मद मेराज, मो. हम्मद सलीम, इरशाद अली, सफदर हुसैन, मजहर मलिक, मोहम्मद, मोहम्मद फारुख, परवेज आलम, वाहिद खान, जाहिद खान, इरफान खान, बशीर खान, आदि उपस्थित थे।

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## सड़क दुर्घटना में दो महिला सहित तीन हुए घायल

### राजपुर थाना क्षेत्र के शायल बगीचे में हुई सड़क दुर्घटना

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**






राजपुर थाना क्षेत्र के शायल बगीचे छठ तालाब के समीप शुक्रवार को साउंड सिस्टम लदे वाहन और बाइक में टक्कर हो गई,जिसमे बाइक में सवार दो महिला एवं एक पुरुष घायल हो गए।सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से हजारीबाग भेजा गया।सूचना मिलते ही रा. जपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।घायलों की पहचान हजारीबाग जिले के निचितपुर गांव के एवं एक इसी थाना क्षेत्र के ड डोका गांव की बताई जा रही है।घायलों में निचितपूर के स्व.विलाश सिंह के पुत्र पंकज सिंह उसी की पत्नी शामिल है।पंकज का पैर बुरी तरह से टूट कर झूल गया वहीं एक महिला की कमर टूट गया।सभी घायल शायल बगीचे से एक शादी समारोह से वापस जा रहे थे तभी गुल्ली से शादी समारोह से लौट रहे चार पहिया वाहन के चालक के झुपकि लेने के कारण चपेट में ले लिया।

**घटना में दो वर्ष की बच्ची को खरिच भी नहीं आया** :–घटना में बाइक पर एक दो वर्ष की बच्चो थी जिसे खरोच तक नहीं आया।ये ऊपर वाले का शुक्रगुजार है कि बाइक पर तीनों व्यक्ति को छोटे आई,चार पहिया वाहन के धक्के से सभी घायल हुए लेकिन दो वर्ष की बच्ची सुरक्षित रही।जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुशार धक्के से बच्ची कुछ दूरी पर जाकर गिरी बावजूद खरोच तक नहीं आया।इस लिए कहावत है कि जिस पर ऊपर वाले मेहरबान रहते हैं उसे नीचे वाला कुछ नहीं बिगाड़ पाता है।

**कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र में कर्मियों की लाप. रवाही हुआ उजागर** :– स्वास्थ्य केंद्र कान्हाचट्टी में तो ब्युल्डिंग करोड़ो की बनी है और चिकित्सक के नाम पर केवल लापरवाह कुछ स्वास्थ्य कर्मी हैं।जो जब कभी प्रखण्ड में कोई दुर्घटना होती है तो उसे रुई तक मुहैया कराने वाला कोई नहीं होता है।ऐसा ही हुआ शुक्रवार की सुबह जब सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए तो ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र घायलों के लेकर पहुंचे लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में एक भी कर्मी मौजूद नहीं थे एक ए एन एम थी भी तो वो घायलों को रुई तक मुहैया कराना मुनासिब नहीं समझी।आधा घण्टे से एक घण्टे तक स्वास्थ्य केंद्र में घायल कराहते रहे लेकिन कोई स्वास्थ्य कर्मी घायलों को सुध तक लेने नहीं पहुंच. ।जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ काफी रोष है।कई ग्रामीनो ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कान्हाचट्टी में केंद्र को बंद करे नहीं तो ग्रामीण जल्द ही ताला लगाएगी।जब स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मी नदारत ड०क्टर नदारत तो ऐसा स्वास्थ्य केंद्र क्यों रहेगा।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड में मुखिया और वार्ड सदस्य नहीं कर पर रहे हैं चुनावी प्रचार

### प्रचार वाहन की अनुमति के लिए प्रखण्ड कार्यालय का लगा रहे हैं चक्कर

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




प्रखण्ड कार्यालय में आर ओ के नहीं रहने के कारण प्रखण्ड के मुखिया और वार्ड सदस्य के उम्मीदवार अपना अपना चुनाव प्रचार करने से वंचित हो जा रहे हैं।शुक्रवार को कई मुखिया और वार्ड सदस्य के उमीदवार बताए कि नौ मई को चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी हम लोग प्रचार प्रसार नहीं करा पा रहे हैं।चार दिनों से लगातार प्रखण्ड के आर ओ आफिस का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन शुक्रवार 13 मई तक प्रचार वाहन और साउंड की अनुमति नहीं मिली है।इसका मुख्य कारण आर ओ का प्रखण्ड में नही रहने का बताया जा रहा है।इधर प्रत्याशियों में प्रचार की अनुमत्ती नहीं मिलने से उदासी छा गई है।उम्मीदवारों ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि जल्द प्रचार वाहन की अनुमति दिलवाई जाए।

## जिप प्रत्याशी गायत्री देवी के कार्यालय का उद्घाटन

### क्षेत्र के लोगों का मिल रहा अपार समर्थन व स्नेहः गायत्री देवी

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



**विष्णुगढ़ में जिप प्रत्याशी गायत्री देवी के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में मौजूद समर्थक**

विष्णुगढ़ पश्चिमी क्षेत्र 25 के जिप प्रत्याशी गायत्री देवी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। विष्णुगढ़–गोमियां रोड़ स्थित मां काली मंदिर के सामने आवासीय परिसर में मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक बीरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के मौके पर प्रत्याशी गायत्री देवी ने कहा कि विष्णुगढ़ पश्चिमी क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन व स्नेह मिल रहा है। मेरे पक्ष में महिलाओं का भी बढ़ चढ़कर रूझान है। यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो महिला सशक्तिकरण पर जोर रहेगा। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी की समस्याओं को दूर करने की प्राथमिकता रहेगी। प्रत्याशी के पति सह समा. जसेवी किशोर कुमार मंडल ने कहा कि बीते दो दशक से अधिक समय से क्षेत्र में राजनैतिक व सामाजिक रूप से जुड़ा हुआ हूं। लोगों के हरेक सुख दुख में साथ रहा है। इस बार क्षेत्र की जनता ने प्रत्याशी गायत्री देवी पर भरोसा जताने का रूझान मिल रहा है। उन्होंने लोगों से क्रम संख्या 1 पर एयर कंडीशनर छाप पर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। मौके पर बीरेन्द्र कुमार उपाध्याय, जयवीर प्रसाद बर्मन, त्रिवेणी प्रसाद स्वर्णकार, बिगू महतो, रामेश्वर सिंह, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, गुरु प्रसाद साव, संचालन समिति संयोजक हीरामन महतो, महादेव मंडल, राजेश सोनी, जीवन सोनी, अंजू देवी, सीमा देवी, गायत्री देवी, गोवर्धन महतो, मेघलाल पासवान, महावीर माली, नन्दलाल पासवान, शीतल देवी, मालती देवी, सुनिता देवी, शान्ति देवी, रिया देवी, गायत्री देवी, रीना देवी, गुड़िया देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, पुनिया देवी, नीरा देवी, शांति देवी, ममता देवी, आरती देवी, किरण देवी, मंजर हुसैन, सुरेश मंडल, कुन्दन शर्मा, भारत यादव, भागीरथ महतो, द्वारिका साव, कौशल्या देवी, किरण देवी, रूना देवी, सुषमा देवी, गुड़िया देवी, मीना देवी, बबिता देवी, पिंकी देवी, रेणु देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, सुमन देवी, सुदामी देवी, रीता देवी, लालमुनि देवी, कुमकुम देवी, शोभा देवी, सरोज देवी, सुनीता देवी, सारो देवी, हेमलाल साव, दिनेश कुमार मंडल, टेकलाल राम, सुरेश कुमार दास, शुभम सिंह समेत कई समर्थक मौजूद थे।

## पायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रथम चरण के चतरा, प्रतापपुर एवं कुन्दा प्रखंड के सभी सेक्टर दण्डाधिकारी/ सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को किया जॉइंट ब्रिफिंग, दिए आवश्यक निर्देश।

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन–2022 के सफल संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)–सह–उपायुक्त, चतरा अंजली यादव की अध्यक्षता में मतदान से सं. बंधित ब्रिफिंग सत्र मल्टी पर्पस ह०ल चतरा क०लेज में किया गया। ब्रिफिंग सत्र में प्रथम चरण के चतरा, प्रतापपुर एवं कुन्दा प्रखंड के सभी सेक्टर दण्डाधिकारी/ सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन–2022 को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने चुनाव से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी गाइडला. इंस का पूर्णतया अनुपालन करते हुए ससमय चुनाव प्रारंभ कराने से लेकर मतदान के दौरान विधि व्यवस्था से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जॉइंट ब्रीफिंग किया गया। जिससे प्रथम चरण में चतरा, प्रतापपुर एवं कुन्दा प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक मतदान सम्पन्न कराई जा सके।इस दौरान मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता, पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा, अविनाश कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, सभी सेक्टर दण्डाधिकारी/ सेक्टर पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

## बेड़ा हरियारा मुखिया प्रत्याशी अनुज सिन्हा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




**चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते प्रत्याशी समेत अन्य**

विष्णुगढ़ प्रखंड के बेड़ा हरियारा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी अनुज कुमार सिन्हा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। रमुवां स्थित बाजारटांड़ प्रांगण में बासुदेव साव ने विधिवत पूजा अर्चना तथा फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुखिया प्रत्याशी ने कहा कि बेड़ा हरियारा पंचायत की गिनती शुरू से एक पिछड़े पंचायत के रूप में होती रही है। काजलरूपी इस कलंक के दाग को धोने के लिए मैं गांव के लोगों के विशेष आग्रह पर मुखिया पद के प्रत्याशी के रूप में उतरा हूं। यदि जनता ने मुझे स्वीकार किया तो पंचायत के इस कलंक को मिटाने का काम करूंगा। कहा कि हमारा विजन स्पष्ट है सिर्फ और सिर्फ पंचायत का सर्वांगीण विकास। किसी को भी शिकायत का मौका नहीं दूंगा। युवाओं और महिलाओं को हरेक काम में प्राथमिकता मिलेगी। समाज के अंतिम पायदान पर रहने वालों को स्पष्ट पारदर्शिता के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कहा कि एक नंबर पर सेब छाप कर अधिक से अधिक वोट देकर अपने सम्मान को बचाने का काम करें। मौके पर भीम पासवान, लक्ष्मण रविदास, केदार प्रसाद, नीशु कुमार, बिट्टू कुमार, रूपलाल पासवान, छोटू पा. सवान, संतोष पासवान, धनंजय साव, रविंद्र साव, अनुज साव, अमित कुमार, मुनकी देवी, शांति देवी, कौशल्या देवी, जानकी देवी, सूरज पासवान समेत सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

APEM
LIVE